हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 11 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

चुनावी सुधारों और मतदाता सूची से जुड़े विशेष गहन पुनरीक्षण-एस.आई.आर. पर कल लोकसभा में जोरदार बहस हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे घुसपैठियों को देश में राजनीतिक नेतृत्व तय नहीं करने देंगे।

कोई भी देश का लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है, जब देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री कौन हो, वह घुसपैठिए तय करेंगे। मान्यवर नहीं रह सकते, इससे कुछ दलों के राजनीतिक स्वार्थ आहत होते हैं। मुझे उन दलों के प्रति एक प्रकार से अनुकंपा भी है, क्योंकि देश के मतदाता तो वोट देते नहीं है। ये थोड़े विदेशी दे देते थे वह भी चले जाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि एस.आई.आर. का मकसद मतदाता का कई जगहों से नाम हटाना और अवैध प्रवासियों के नाम हटाकर मतदाता सूची को ठीक करना है।

श्री शाह ने कहा कि देश को फिर से बांटने के लिए भोगोलिक परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने 2 हजार दो सौ 16 किलोमीटर लंबी बांग्लादेश सीमा पर लगातार घुसपैठ पर भी बल दिया। श्री शाह ने तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस जैसी पार्टियों पर "घुसपैठियों को बचाने की राजनीति" करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वोटर उन्हें बैलेट बॉक्स में जवाबदेह ठहराएंगे।

गृह मंत्री ने सरकार की "पता लगाओ, हटाओ और देश से निकालो" की नीति को दोहराते हुए कहा कि अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में मान्यता नहीं दी जाएगी। श्री शाह ने कहा कि एस.आइ.आर. का मकसद किसी भी समुदाय को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करना तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है।

****

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय -डी.जी.सी.ए. ने गुरुग्राम स्थित इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक विशेष निगरानी दल का गठन किया है।

डीजीसीए ने एक आदेश जारी कर इसकी घोषणा की। इसका उद्देश्य उड़ान में देरी होने और इसके रद्द होने की स्थिति में यात्रियों को होने वाली असुविधा को दूर करना है। इस आठ सदस्यीय दल का नेतृत्व उप मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन विक्रम शर्मा कर रहे हैं। यह दल विमान की क्षमता, चालक दल की उपलब्धता, उपयोग के घंटे, अनियोजित अवकाश और स्टैंडबाय चालक दल सहित प्रमुख परिचालन क्षेत्रों की निगरानी करेगा।

इसके अलावा, डी.जी.सी.ए. अधिकारी एश्वीर सिंह और मणिभूषण प्रतिदिन रद्द होने वाली उड़ानों, धनवापसी की प्रक्रिया, समय पर उड़ान, यात्रियों के मुआवजे और लगेज वितरण पर नजर रखेंगे।

****

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाकर उपयोग करने से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में सात सौ 36 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पर्यावरण अनुकूल ईंधन है और ये प्रदूषण कम करता है तथा किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है।

श्री गडकरी ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को जीवाश्म ईंधन के स्रोतों पर खर्च कम करना होगा।

****

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय प्रांगण में कल मॉक संसद का आयोजन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। श्री बड़ौली नें युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें देशहित में चल रहे देशव्यापी स्वदेशी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मॉक संसद में जींद के आसपास के 14 जिलों के युवा कार्यकर्ताओं

ने पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाकर स्वदेशी अपनाने को लेकर गंभीर चर्चा करने के बाद यह संकल्प लिया कि समाज में स्वदेशी को लेकर जन जागरूकता अभियान चलायेंगे।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री बड़ौली ने बताया –

****

भारतीय जनता पार्टी ने स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हर घर स्वदेशी के संकल्प के साथ शुरू की गई रथ यात्रा के कार्यक्रमों के लिए संयोजक नियुक्त किए हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि यह यात्रा 24 दिसंबर तक हर विधानसभा में पहुंचेगी। यात्रा के दौरान बाजारों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। लोगों को स्वदेशी संकल्प पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों के लिए के लिए मुख्य अतिथियों के नामों की घोषणा भी कर दी गई है। पार्टी ने विधानसभा अनुसार रथ यात्रा का रूट तय कर दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश के आर्थिक और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। रथ यात्रा का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है।

काबिले गौर है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 7 दिसंबर को कैथल से आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा को रवाना किया था। यह यात्रा अब तक कैथल, पेहवा, शाहाबाद, अंबाला सिटी, बरवाला, नारायणगढ़, सढौरा, जगाधरी, रादौर विधानसभाओं में जा चुकी है।

****